# रेलवे में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

## रेल प्रशासन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया याद

जबलपुर 14 अगस्त। सम्पूर्ण देश में 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किया जा रहा है। इसी श्रंखला में गुरुवार 14 अगस्त को देश विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस को याद करते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में रेलवे बोर्ड द्वारा भेजी गई विषयवस्तु पर आधारित फोटो प्रदर्शनी एवं डिजिटल प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। इन प्रदर्शनियों में चित्रों के माध्यम से देश विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गई कठिनाइयों और तत्कालीन इतिहास की सच्चाई से रूबरू कराने का प्रयास किया गया है। इन प्रदर्शनियों को देखने, देश के विभाजन के बारे में जानकारी साझा करने के प्रति लोगों में भारी उत्साह नज़र आया। स्टेशन पर आने जाने वाले रेल यात्रियों के अलावा स्कूली बच्चों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

जबलपुर रेलवे स्टेशन में विभाजन विभीषिका से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। इसी प्रकार कोटा रेलवे स्टेशन में भी विभाजन विभीषिका से संबंधित डिजिटल फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर कोटा रेलवे स्टेशन पर मण्डल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित अतिविशिष्ट वरिष्ठ नागरिक श्री अमरजीत सिंह, रघुराज सिंह एवं हरभजन सिंह के कर-कमलों द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी का अनावरण किया गया। भोपाल मण्डल पर इस अवसर पर रानी कमलापति स्टेशन पर मण्डल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित स्वतंत्रता सेनानी श्री मोहम्मद ज़मीर खान के कर-कमलों द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी का अनावरण किया गया।

प्रदर्शनी में चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से विभाजन कालीन वास्तविकताओं को प्रदर्शित किया गया, जिससे उपस्थित जनों को उस दौर की कठिनाइयों और मानवीय पीड़ा का सजीव अनुभव हुआ।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/301/2025 दिनांक 14.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर